Durga Chalisa

श्रीदुर्गाचालीसा

CHAUPAI · चौपाई

1 नमो नमो दुर्गे सुख करनी। नमो नमो अंबे दुख हरनी॥

Namo namo durge sukh karani. namo namo Ambe dukh harani.

2 निरंकार है ज्योति तुम्हारी। तिहूँ लोक फैली उजियारी॥

Nirankar hai jyoti tumhari. tihun lok phaili ujiyari.

3 ससि ललाट मुख महा बिसाला। नेत्र लाल भृकुटी बिकराला॥

Sasi lalat mukh maha bisala. netra lal bhrkuti bikarala.

4 रूप मातु को अधिक सुहावे। दरस करत जन अति सुख पावे॥

Rup matu ko adhik suhave. daras karat jan ati sukh pave.

5 तुम संसार सक्ति लय कीन्हा। पालन हेतु अन्न धन दीन्हा॥

Tum sansar sakti lay kinha. palan hetu anna dhan dinha.

6 अन्नपूर्णा हुई जग पाला। तुम ही आदि सुंदरी बाला॥

Annapurna hui jag pala. tum hi adi sundari bala.

7 प्रलयकाल सब नासन हारी। तुम गौरी सिव संकर प्यारी॥

Pralayakal sab nasan Hari. tum Gauri siv Sankar pyari.

8 सिवजोगी तुम्हरे गुन गावें। ब्रह्मा बिष्णु तुम्हें नित ध्यावें॥

Sivajogi tumhare gun gaven. Brahma bishnu tumhen nit dhyaven.

9 रूप सरस्वति को तुम धारा। दे सुबुद्धि ऋषि मुनिन्ह उबारा॥

Rup sarasvati ko tum dhara. de subuddhi rshi muninha ubara.

10 धरा रूप नरसिंह को अंबा। परगट भई फाड़ कर खंबा॥

Dhara rup narasinh ko amba. paragat bhai phar kar khamba.

11 रच्छा करि प्रहलाद बचायो। हिरनाकुस को स्वर्ग पठायो॥

Rachchha kari prahalad bachayo. hiranakus ko svarga pathayo.

12 लछमी रूप धरो जग माहीं। श्री नारायन अंग समाहीं॥

Lachhami rup dharo jag mahin. Shri Narayan ang samahin.

13 छीर सिंधु में करत बिलासा। दया सिंधु दीजै मन आसा॥

Chhir sindhu men karat bilasa. daya sindhu dijai man asa.

14 हिंगलाज में तुम्हीं भवानी। महिमा अमित न जाय बखानी॥

Hingalaj men tumhin Bhavani. mahima amit na jai bakhani.

15 मातंगी धूमावति माता। भुवनेस्वरि बगला सुख दाता॥

Matangi dhumavati mata. bhuvanesvari bagala sukh data.

16 श्री भैरव तारा जग तारिनि। छिन्नभाल भव दुःख निवारिनि॥

Shri bhairav tara jag tarini. chhinnabhal bhav duhkh nivarini.

17 केहरि बाहन सोह भवानी। लांगुर बीर चलत अगवानी॥

Kehari bahan soh Bhavani. langur bir chalat agavani.

18 कर में खप्पर खड्ग बिराजै। जाको देख काल डर भाजै॥

Kar men khappar kharga birajai. jako dekh kal dar bhajai.

19 सोहै अस्त्र और तिरसूला। जाते उठत सत्रु हिय सूला॥

Sohai astra aur tirasula. jate uthat satru hiy sula.

20 नगरकोट में तुम्ही बिराजत। तिहूँ लोक में डंका बाजत॥

Nagarakot men tumhi birajat. tihun lok men danka bajat.

21 सुंभ निसुंभ दानव तुम मारे। रक्त बीज संखन संहारे॥

Sumbh nisumbh danav tum mare. rakta bij sankhan sanhare.

22 महिषासुर नृप अति अभिमानी। जेहि अघ भार मही अकुलानी॥

Mahishasur nrp ati abhimani. jehi agh bhar mahi akulani.

23 रूप कराल काली को धारा। सेन सहित तुम तिहि संहारा॥

Rup karal Kali ko dhara. sen sahit tum tihi sanhara.

24 परी गाढ़ संतन पर जब जब। भई सहाय मातु तुम तब तब॥

Pari garh santan par jab jab. bhai sahay matu tum tab tab.

25 अमर पुरी औरों सब लोका। तव महिमा सब रहै असोका॥

Amar puri auron sab loka. tav mahima sab rahai asoka.

26 ज्वाला में है ज्योति तुम्हारी। तुम्हें सदा पूजें नरनारी॥

Jvala men hai jyoti tumhari. tumhen sada pujen naranari.

27 प्रेम भक्ति से जो जस गावै। दुख दारिद्र निकट नहि आवै॥

Prem bhakti se jo jas gavai. dukh daridra nikat nahi avai.

28 ध्यावे तुम्हें जो नर मन लाई। जन्म मरन ताको छुटि जाई॥

Dhyave tumhen jo nar man lai. janma maran tako chhuti jai.

29 जोगी सुर मुनि कहत पुकारी। जोग न हो बिन सक्ति तुम्हारी॥

Jogi sur muni kahat pukari. jog na ho bin sakti tumhari.

30 संकर आचारज तप कीन्हो। काम क्रोध जीति सब लीन्हो॥

Sankar acharaj tap kinho. kam krodh jiti sab linho.

31 निसिदिन ध्यान धरो संकर को। काहु काल नहि सुमिरो तुमको॥

Nisidin dhyan dharo Sankar ko. kahu kal nahi sumiro tumako.

32 सक्ति रूप को मरम न पायो। सक्ति गई तब मन पछितायो॥

Sakti rup ko maram na payo. sakti gai tab man pachhitayo.

33 सरनागत ह्वै कीर्ति बखानी। जय जय जय जगदंब भवानी॥

Saranagat hvai kirti bakhani. jai jai jai jagadamb Bhavani.

34 भई प्रसन्न आदि जगदंबा। दई सक्ति नहि कीन्ह बिलंबा॥

Bhai prasanna adi jagadamba. dai sakti nahi kinha bilamba.

35 मोको मातु कष्ट अति घेरो। तुम बिन कौन हरे दुख मेरो॥

Moko matu kashta ati ghero. tum bin kaun hare dukh mero.

36 आसा तृस्ना निपट सतावै। रिपु मूरख मोहि अति डरपावै॥

Asa trsna nipat satavai. ripu murakh mohi ati darapavai.

37 सत्रु नास कीजै महरानी। सुमिरौं एकचित तुमहि भवानी॥

Satru nas kijai maharani. sumiraun ekachit tumahi Bhavani.

38 करौ कृपा हे मातु दयाला। ऋद्धि सिद्धि दे करहु निहाला॥

Karau krpa he matu dayala. rddhi siddhi de karahu nihala.

39 जब लगि जियौं दयाफल पाऊँ। तुम्हरौ जस मैं सदा सुनाऊँ॥

Jab lagi jiyaun dayaphal paun. tumharau jas main sada sunaun.

40 दुर्गा चालीसा जो कोई गावै। सब सुख भोग परम पद पावै॥

Durga chalisa jo koi gavai. sab sukh bhog param pad pavai.

41 देवीदास सरन निज जानी। करहु कृपा जगदंब भवानी॥

Devidas saran nij jani. karahu krpa jagadamb Bhavani.

Text checked against: Gita Press, Gorakhpur: Shri Durga Chalisa aur Shri Vindhyeshwari Chalisa (code 1033). Meanings, audio and all scripts at nityapaath.com/durga-chalisa/